# कार्यालय प्राचार्य एवं पदेन सचिव, जनभागीदारी समिति

**शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोलार रोड़ भोपाल म.प्र.**

क्रमांक /321/ शा.डॉ.श्या.प्र.मु.महावि. /2024 भोपाल, दिनांक 27/02/2024

## सुरक्षा व्यवस्था हेतु निविदा प्रपत्र 2024–25

| | |
|---|---|
| निविदा मूल्य | : रूपये 1000/– (Online से भुगतान द्वारा) |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | : निविदा online होने की तिथि से 21 कार्यदिवसों के भीतर |
| कार्यालयीन समय निविदा खोलने की तिथि समय | : अंतिम तिथि का अगला कार्य दिवस, दोपहर 12 बजे |
| स्थान | : महाविद्यालय का कान्फ्रेंस कक्ष |

शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल में सुरक्षा व्यवस्था हेतु ऐसी संस्था जिसे किसी शासकीय संस्था में उक्त कार्य का कम से कम 02 वर्षो का अनुभव हो, से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा हेतु आवेदन पत्र के साथ निविदा की शर्ते एवं सामान्य दिशा निर्देश संलग्न है।

27.02.24

प्राचार्य
शास.डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल

**प्राचार्य**
**शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी**
**विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल**

संलग्न :–(कुल पेज )

1. निविदा हेतु शर्ते एवं सामान्य दिशा निर्देश
2. निविदा हेतु शपथ पत्र (निविदा प्रपत्र –1)
3. तकनीकी प्रस्ताव (निविदा प्रपत्र –2)
4. अंकेक्षित लेंखों का सारांश (निविदा प्रपत्र –3)
5. वित्तीय प्रस्ताव (निविदा प्रपत्र –4)

# कार्यालय प्राचार्य एवं पदेन सचिव, जनभागीदारी समिति

**शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोलार रोड़ भोपाल म.प्र.**

## महाविद्यालय भवन, महाविद्यालय परिसर कीसुरक्षा व्यवस्था के लिये विस्तृत निविदा प्रपत्र

विस्तृत निविदा पत्र, सफल निविदाकार से अनुबंध का एक भाग होगा एवं इसकी समस्त शर्ते अनुबंध में शामिल मानी जायेंगी।

### सुरक्षा व्यवस्था निविदा हेतु शर्ते एवं सामान्य दिशा निर्देश वर्ष 2024–25

1. सुरक्षा व्यवस्था का ठेका, अनुबंध होने के दिनांक से 01 वर्ष की अवधि के लिये होगा। दोनों पक्षों की कार्य की गुणवत्ता एवं सहमति से इसे अधिकतम 01 वर्षऔर बढ़ाया जा सकता है।
2. निविदा आवेदन के पूर्व किसी भी कार्य दिवस एवं कार्यालयीन समय में महाविद्यालय भवन का अवलोकन किया जा सकता है।
3. निविदाकर्ता को लगभग 6000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के भवन एवं परिसर (जो शासकीय संस्था हो) की सुरक्षा व्यवस्था संचालन की कार्य का कम से कम 02 वर्षों का अनुभव होना चाहिए। निविदाकर्ता को उक्त आशय का कार्यादेश/प्रमाणपत्र तकनीकी निविदावाले भाग में देना होगा। उक्त प्रमाण पत्र के अभाव में निविदा निरस्त समझी जायेगी। निविदाकर्ता द्वारा अन्य संस्थानों में दी जा रही सुरक्षा सेवाओं का कर्मचारियों की संख्या सहित विवरण निविदा में देना अनिवार्य होगा।
4. निविदाकर्ता संस्था का मुख्यालय/कार्यालय भोपाल में होना अनिवार्य है भोपाल में पंजीकृत कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
5. निविदाकर्ता संस्था का नियमानुसार ई.पी.एफ./ई.एस.आई. आदि संबंधित सक्षम प्राधिकारी/शासकीय विभागों में पंजीकृत होना तथा उसके पास श्रमायुक्त द्वारा जारी वैध लेबर लाईसेन्स होना अनिवार्य होगा। समस्त पंजीयनों /लायलेंस की सत्यापित छायाप्रति तकनीकी प्रस्ताव के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।
6. निविदाकर्तासुरक्षा एजेंसीज का प्रायवेट सिक्युरिटी एजेंसीज (रेग्यूलेशन) एक्ट 2005 के अंतर्गत सक्षम अधिकारी के यहाँ पंजीयन होना अनिवार्य होगा प्राइवेट सिक्योरिटी एजेन्सी (रेग्यूलेशन एक्ट) 2005 का रजिस्ट्रेशन नंबर अथवा इस महाविद्यालय के तहत रजिस्ट्रेशन हेतु संस्था द्वारा प्रस्तुत किये गए आवेदन के अनुक्रम में गृह विभाग द्वारा जारी अनापत्ति पत्र संलग्न करना होगा।
7. निविदाकर्ता फर्म का स्थायी आयकर क्रमांक एवं दिनांक 31.03.2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष का टैक्स क्लीरेयंस प्रमाणपत्र होना आवश्यक है।
8. निविदाकर्ता फर्म का सर्विस टैक्स (GST) क्रमांक एवंअंतिम माह को रिर्टन की कॉपी संलग्न करना आवश्यक है।
9. निविदाकर्ता संस्था का समान कार्य का विगत 3 वर्षों में वार्षिक टर्नओवर न्यूनतम 5 लाख हो. प्रमाणीकरणके लिए संलग्न प्रारूप में सारांश जिसमें समान कार्य के वार्षिक टर्नओवर की राशि का प्रमाणीकरण चार्टर्डअकाउन्टेन्ट द्वारा किया गया हो, की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाए।
10. निविदाकर्ता अथवा उसकी फर्म पर किसी भी न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं होनाचाहिए। निविदाकर्ता संस्था पर कोई आरोप/प्रकरण आदि नहीं चल रहे हैं. इस आशय का सक्षम पुलिस अधिकारी का नवीनतम अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
11. निविदा के साथ धरोहर राशि (earnest money) रु 50,000/– (पचास हजार केवल) प्राचार्य, शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,भोपाल के पक्ष में Online जमा करना होगा।
12. निविदा दस्तावेज के प्रत्येक पेज पर निविदाकर्ता के हस्ताक्षर हो तथा निविदा दस्तावेज पर संलग्नकों सहित प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ क्रमांक डाला जाये। पृष्ठ क्रमांक इस प्रकार डाले जायें– प्रथम पृष्ठ पर 1/50, द्वितीय पृष्ठ पर 2/50 (यदि कुल पेज 50 है) इत्यादि।
13. निविदा प्रपत्र में किसी तरह की काट/छाँट या ओवर राइटिंग होने पर निविदा पर विचार नहीं कियाजायेगा।
14. सशर्त अथवा अधूरे भरे हुये निविदा प्रपत्र मान्य नहीं किये जायेंगे। प्रस्ताव में उल्लेखित समस्त प्रमाण पत्रो की सत्यापित छायाप्रतियाँ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

प्रोप्रायटर निविदाकर्ता फर्म

प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल

# कार्यालय प्राचार्य एवं पदेन सचिव, जनभागीदारी समिति

## शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोलार रोड़ भोपाल म.प्र.

15. यदि निविदा के संबंध में कोई शंका/प्रश्न हो अथवा जानकारी प्राप्त करनी हो तो महाविद्यालय में कार्यालयीन कार्यालय में संपर्क कर समाधान/निराकरण करवा सकते हैं।
16. प्रत्येक निविदाकर्ता एजेंसी को अपनी निविदा दो भागों में प्रदाय करनी होगी। प्रथम भाग में निविदा जिसमें निर्धारित प्रपत्रों में निविदाकर्ताएजेंसी अपनी क्षमता से संबंधित जानकारी देगी। तकनीकी निविदा वाले लिफाफे में ही राशि रू. 50,000/-**(पचास हजार केवल)** का receiptसंलग्न की जायेगी। द्वितीय भाग में वित्तीय निविदा की जानकारी दी जायेगी। दोनों प्रस्ताव केवल ऑन लाईन जमा करना होगा।
17. प्रस्तावों पर विचार करते समय सर्वप्रथम तकनीकी निविदा खोली जायेगी और उसमें सफल होने वाले प्रस्तावक निविदाकर्ता की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।
18. सफल निविदाकर्ता का चयन, सेवा शुल्क की राशि के आधार पर किया जायेगा सभी तकनीकि शर्तें पूरी होने पर महाविद्यालय द्वारा प्रतिमाह प्रति कर्मी देय न्यूनतम दर को स्वीकृत किया जायेगा जो तत्समय प्रचलित कलेक्टर दर से कम नहीं होनी चाहिये।
19. शून्य सेवा शुल्क की निविदा मान्य नहीं की जायेगी। न्यूनतम 1 प्रतिशत से कम सेवा शुल्क पर विचार नही किया जावेगा।
20. समान न्यूनतम सेवा शुल्क दर प्राप्त होने पर लॉटरी पद्धति से चयन किया जायेगा।
21. निविदा खोलने के समय निविदाकर्ता अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि के उपस्थित न रहने पर किसी भी प्रकार की आपत्तिस्वीकार योग्य नहीं होगी।
22. निविदा स्वीकार न होने की स्थिति में महाविद्यालय से किसी प्रकार का पत्र व्यवहार नहीं किया जायेगा। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य,शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,भोपाल का होगा।
23 न्यूनतम दर वाली सफल निविदाकर्ता संस्था को एक सप्ताह में महाविद्यालय में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न सभी दस्तावेजों की मूल प्रति के साथ उपस्थित होकर 500/- रु. के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर कार्यादेश में उल्लिखित अवधि के लिए अनुबंध संपादित करनाहोगा तथा दर्शाई तिथि से तत्काल कार्य प्रारंभ करना होगा अन्यथा उसके द्वारा जमा की गई धरोहर राशिजप्त कर ली जायेगी तथा प्राचार्य,शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,भोपाल, द्वितीय न्यूनतम दर वाले सफलनिविदाकर्ता को कार्य सौंपने के लिए स्वतंत्र होंगे।
24. सफल निविदाकर्ता को प्राचार्य,शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,भोपाल के पक्ष में 50,000/- (पचास हजार रूपये)की सुरक्षा निधि मियादी जमा पत्रक (FDR) के रूप में जमा कराना होगी।
25. द्वितीय सफल निविदाकर्ता के अतिरिक्त अन्य अस्वीकृत निविदाकारों को धरोहर राशि अनुबंध होने के 15 दिवस में वापिस कर दी जायेगी। उक्त राशि पर किसी भी तरह का ब्याज का भुगतान नहीं किया जायेगा।
26. अनुबंधकर्ता संस्था द्वारा प्रथम तीन माह तक उपलब्ध करायी गई सेवा संतोषप्रद होने की स्थिति में ही निविदा अवधि की निरंतरता की स्वीकृति दी जावेगी। द्वितीय सफल निविदाकर्ता एजेंसी की धरोहर राशिइस निरंतरता की स्वीकृति के उपरांतही मुक्त की जायेगी।
27. सफल निविदाकर्ता द्वारा महाविद्यालय के मुख्य द्वार की सुरक्षा के लिए 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था करानी होगी, जिसमें 02 सुरक्षा प्रहरी महाविद्यालय में 8-8 घंटे की ड्यूटी पर होंगे। कुल 06 कर्मी का होना आवश्यक है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा आवश्यकतानुसार संख्या में कमी/वृद्धि की की जा सकती है।
28 अनुबंधकर्ता संस्था द्वारा सुरक्षा कर्मियों का चयन महाविद्यालय की गरिमा के अनुरूप किया जाना आवश्यक है।
29. निविदाकर्ता द्वारा महाविद्यालय में नियुक्त सुरक्षाकर्मी की आयु शासकीय नियमानुसार 30 वर्ष से 50 वर्ष के बीच होना चाहियें।
30. सुरक्षा कर्मी महाविद्यालय के प्राचार्य अथवा उसके प्रतिनिधि के निर्देशन में कार्य करेंगे।

प्रोप्रायटर निविदाकर्ता फर्म

प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल

# कार्यालय प्राचार्य एवं पदेन सचिव, जनभागीदारी समिति

## शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोलार रोड़ भोपाल म.प्र.

31. परिसर में स्थित महाविद्यालय, प्रशासकीय भवन, कार्यालय में चोरी, तोड़फोड किसी भी तरह के नुकसान आदि की जिम्मेदारी गार्डस की होगी।

32. सुरक्षा कर्मी द्वारा भवन के समस्त स्थानों पर नजर रखी जाएगी। संदिग्ध हालात, लड़ाई झगडा, आग लगना आदि की सूचना सुरक्षा संस्था द्वारा प्राचार्य,शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय,भोपाल, अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारियों को तत्काल दी जाना आवश्यक होगी।

33. अनुबंधकर्ता द्वारा प्रवेश द्वार पर रजिस्टर रखा जायेगा। किसी नए व्यक्ति के प्रवेश करने पर सुरक्षा कर्मी द्वारा पूछताछ कर रजिस्टर मे उनका नाम एवं कार्य, समय आदि लिखेंगे।

34. अनुबंधकर्ता संस्था द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का चार्ज लेने के पूर्व जिन कर्मियों की सेवायें महाविद्यालय कोप्रदान की जायेंगी उनके नाम, पता, आयु एवं फोटोयुक्त नामजद सूची, मेडिकल फिटनेस एवं पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। कोई भी कर्मी संदेहास्पद चरित्र व आचरण का नहींहोना चाहिये।

35. सुरक्षा के लिये तैनात कर्मियों को डयूटी पर निर्धारित वर्दी में होना तथा चुस्त, दुरुस्त स्थिति में सजग रहना होगा। उनके द्वारा सदैव वरिष्ठ अधिकारियों तथा शिक्षकों के प्रति शिष्टाचार तथा विद्यार्थियों/आम व्यक्तियों के प्रति सदव्यवहार का प्रदर्शन किया जायेगा ताकि कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

36. अनुबंधकर्ता संस्था को सुरक्षा कर्मी के लिए यूनीफार्म एवं आवश्यक सामग्री जैसे स्टेशनरी, पेन/पंजी/टार्च/सुरक्षा उपकरण आदि उपलब्ध कराना होंगे। इसके अलावा गार्डस को एक मोबाइल फोन भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगाजो सभी शिफ्ट के गार्डस को ड्यूटी टाईम में हस्तांतरित कियाजाता रहेगा।

37. सुरक्षा कर्मी द्वारा परिसर के अंदर जानवरों/मवेशियों का प्रवेश रोका जाएगा।

38. अनुबंधकर्ता संस्था को महाविद्यालय को प्रदाय की जाने वाली उपर्युक्त सभी सेवाओं का व्यवस्थित संचालन करने के लिये पूर्णकालिक सुपरवाइजर भी नियुक्त करना होगा जो सतत रूप से महाविद्यालय प्रशासन से मार्गदर्शन प्राप्त करता रहेगा।

39. संस्था द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्थाकी जानी होगी जिसकेलिये प्रति कर्मी प्रतिबंधानुसार स्वीकृत मासिक दर के हिसाब से प्रतिदिन के अनुरूप पारिश्रमिक देय होगा।

40. अनुबंधकर्ता द्वारा कर्मचारियों की ड्यूटी पंजी रखी जाएगी जिसमें किस कर्मी ने किस दिन किस समयडयूटी की है. का उल्लेख किया जायगा। उक्त पंजी का सत्यापन प्रतिदिन महाविद्यालय के मुख्य लिपिक/कार्यालय सेकराना अनिवार्य होगा।

41. सुरक्षा कर्मियों के आने जाने के समय एवं कार्य की चैकिंग मुख्य लिपिक/कार्यालय द्वारा किसी भी समय की जायेगी।

42. निरीक्षण के दौरान किसी भी सुरक्षा कर्मी के कार्यस्थल पर अनुपस्थित रहने या कार्य के प्रति सजग न पायें जाने पर रूपये 500/– प्रति निरीक्षण दण्ड वसूल किया जा सकेगा।

43. किसी भी कर्मी के अवकाश अथवा अस्वस्थ होने की अवस्था में वैकल्पिक व्यवस्था की जवाबदारी संबंधित संस्था को होगी।

44. सुरक्षा कर्मी के कार्य से अनुपस्थित रहने पर प्रत्येक दिवस की कार्यावधि के लिये रूपये 500/– (राशि रूपये पांच सौ मात्र) अथवा आनुपातिक राशि के मान से देयक में से कटौती की जा सकेगी।

45. किसी भी सुरक्षाकर्मी की सेवायें ठीक नहीं पाये जाने पर प्राचार्य,शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपालके निर्देश पर सुरक्षा एजेंसी ऐसेदोषी कर्मचारी की सेवायें तत्काल समाप्त/परिवर्तित करेगी।

46. अनुबंधकर्ता संस्था के किसी भी कर्मचारी को डयूटी के दौरान अल्कोहल/मादक औषधि, सेवन अथवा कदाचरण करने की दशा में पाये जाने पर संस्था की सेवाएं समाप्त करते हुए उसके विरूद्ध पुलिसकार्यवाही की जा सकेगी।

47 . अनुबंधकर्ता संस्था का कोई कर्मचारी आपत्तिजनक या संदिग्ध गतिविधियों में संलग्न पाया जायेगा तो उसकी सेवा समाप्त करना अनुबंधकर्ता के लिए अनिवार्य होगा। अनावश्यक वाद–विवाद भी आपत्तिजनकगतिविधियों में शामिल होना माना जायेगा

प्रोप्रायटर निविदाकर्ता फर्म

प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल

48. अनुबंधकर्ता द्वारा सेवाएं उपलब्ध कराने के पश्चात देयक प्रतिमाह 5 तारीख तक प्रस्तुत करना होगा। शासन द्वारा लगाये गए किसी वित्तीय रोक के दौरान देयक भुगतान विलंब की स्थिति में व्यक्तियों का व्यय अनुबंधकर्ता द्वारा वहन किया आयेगा तथा नियत् समय पर भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जावेगा। इस पर अलग से कोई व्याज देय नहीं होगा।
49. अनुबंधकर्ता संस्था एवं उसके कर्मचारियों को प्राचार्य, शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल जारी आदेश/निर्देश/शर्तो का पालन करना होगा व प्रत्येक माह का कार्य संतोषजनक पाये जाने पर ही माह के अंत में देयक का भुगतान किया जा सकेगा।
50. सर्विस टैक्स के जमा किये गये चालान प्रस्तुत करने पर ही केवल मजदूरी पर ही सर्विस टैक्स देय होगा।
51. सांवधिक आवश्यकताओं जैसे मिनिमम वेजेस, कम्पेनशेसन एक्ट, प्रॉव्हिटेट फण्ड एक्ट लेबर एक्ट, जी.एस.टी. आदि समस्त वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत देयसमस्त प्रकार के भुगतानों एवं कटोत्रों की जवाबदारी निविदाकर्ता संस्था की होगी। कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संपूर्ण क्षतिपूर्ति की जिम्मेदारी निविदाकर्ता की होगी। इस संबंध में विवाद की स्थिति में महाविद्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
52. किसी भी प्रकार की क्षति के लिए निविदाकर्ता संस्थासे क्षति की भरपाई प्रतिभूति राशि से अथवा भू–राजस्व की बकाया राशि की तरह वसूल की जाएगी। सफलतापूर्वक निविदा समाप्ति के छः माह उपरांत बकाया राशि को समायोजित करते हुये शेष राशि निविदाकर्ता को वापस कर दी जायेगी।
53. कोई भी शासकीय सामग्री प्राचार्य, शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपालअथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी की अनुमति के बिना परिसर के बाहर जाने नहीं दी जायेगी। अनुमति प्राप्त सामग्री बाहर जाने हेतु एक पंजी रखी जायेंगी।
54. अनुबंध (Contract) होने के पश्चात् भी यदि यह पाया जाता है. कि निविदाकर्ता द्वारा निविदा में दी गई कोई भी जानकारी गलत/झूठी/Misleading है तो प्राचार्य द्वारा Contractरद्द किया जा सकता है एवं अमानत के रूप में जमा राशि राजसात की जा सकती है।
55. फर्म द्वारा अनुबंध करने के पश्चात अनुबंध में उल्लेखित किसी भी शर्त का उल्लंधन करने अथवा महाविद्यालय में संतोषजनक सेवा प्रदान न करने की स्थिति में उसके अनुबंध को समाप्त करने एवं अमानत राशि को राजसात करने का अधिकार प्राचार्य शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल के पास सुरक्षित रहेगा।
56. संस्था द्वारा किसी कारणवश अपनी सेवाएँ समाप्त करने हेतु दो माह पूर्व लिखित सूचना देना अनिवार्य होगा अन्यथा सुरक्षा निधि जप्त कर ली जायेगी।
57. शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल द्वारा 15 दिन पूर्व लिखित सूचना देकर निविदाकर्ता की संचालन व्यवस्था कभी भी बिना किसी कारण बताये समाप्त की जा सकेगी।
58. अनुबन्धकर्ता/अनुबंधित सुरक्षा एजेंसी यदि अनुबंध अवधि के मध्य कार्य छोड़ता है, तो नवीन अनुबन्ध से प्राचार्य शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल को होने वाली क्षति की वसूली पूर्वअनुबन्धकर्ता से ही की जा सकेगी।
59. अनुबंधअवधि के दौरान भी महाविद्यालय एवं अनुबंधित एजेंसी की परस्पर सहमति से कोई शर्त (सेवा शुल्क के अतिरिक्त) संशोधित अथवा कोई नवीन शर्त जोड़ी जा सकेगी।
60. सुरक्षा व्यवस्था के मामले में किसी प्रकार का वाद–विवाद होने पर प्राचार्य,शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा एवं निविदा के संबंध में किसी भी सिविल वाद का क्षेत्र जिला न्यायालय, भोपाल होगा।

प्रोप्रायटर निविदाकर्ता फर्म

प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल

# कार्यालय प्राचार्य एवं पदेन सचिव, जनभागीदारी समिति

**शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोलार रोड़ भोपाल म.प्र.**

## सुरक्षा कार्य के लिए निविदा रू 2024–25

**शपथ पत्र**

**निविदाप्रपत्र – 1**

**(रु 50/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प में प्रस्तुत करें)**

मै ..............................................................पुत्र/पुत्री ..............................................उम्र...........पता ....................................
शपथ पूर्वक कथन करता हूँ/करती हूँ कि: –

1. मै निविदाकर्ता संस्था............................................ (फर्म/कम्पनी/समिति का नाम) का/की एकल स्वामी/साझेदार/संचालक/मैनेजर/अधिकृत प्रतिनिधि हूँ तथा यह संस्था वर्तमान में वैधानिक रूप से पंजीकृत है जिसके पंजीकृत कार्यालय का पता ..........................................................................................................है।
2. मैंने निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूप से पढ़ एवं समझ लिया है तथा उसमे वर्णित समस्त शर्ते मुझे तथा मेरीसंस्था को मान्य है।
3. निविदा में वर्णित सभी कार्यों को सम्पादित करने के लिये मेरे/मेरी संस्था के पास समस्त आवश्यकवैधानिक अनुज्ञप्तियॉ, पंजीकरण तथा स्वीकृतियाँ प्राप्त हैं।
4. मेरे मेरी संस्था द्वारा निविदा में दी गई सभी जानकारियॉ पूर्णतः सत्य एवं प्रामाणिक हैं। किसी भी जानकारी के असत्य पाये जाने पर मेरे/हमारे द्वारा प्रस्तुत निविदा निरस्त किया जाना मान्य होगा तथा हमारे द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि एवं परफारमेंस गारंटी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा जप्त किया जाना मुझे/हमारी संस्था को मान्य होगा।

**शपथगृहीता**

**नाम** .............................................

**पता** .............................................

**स्थान :–** ........................................

**दिनाँक :–** .......................................

**1. गवाह नाम एवं पता** .................................................

**2. गवाह नाम एवं पता** .................................................

## <u>सत्यापन</u>

मैं निविदाकर्ता ...........................................................................फर्म/कम्पनी/संस्था का नाम) का/की एकल स्वामी/साझेदार/संचालक/मैंनेजर/अधिकृत प्रतिनिधि हूँ। मेरे द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त शपथ पत्र में वर्णित क्रं 1 से 4 तक किये गये कथन मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार पूर्णतः/सत्य तथाप्रामाणिक है।

**शपथगृहीता**

**नाम** .............................................

**पत्ता** .............................................

**स्थान** ........................

**दिनाँक** ................................

**1. गवाह नाम एवं पता** .................................................

**2. गवाह नाम एवं पता** .................................................

प्रोप्रायटर निविदाकर्ता फर्म

प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल

# कार्यालय प्राचार्य एवं पदेन सचिव, जनभागीदारी समिति

## शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोलार रोड़ भोपाल म.प्र.

## सुरक्षा कार्य के लिए निविदा रू 2024—25

निविदा प्रपत्र — 2

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदाकर्ता संस्था का नाम | |
| 2 | कार्यालयीन पता | |
| 3 | दूरभाष (कार्यालय) | |
| 4 | स्थायी पता | |
| 5 | पत्रव्यवहार का पता | |
| 6 | संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का नाम एवं पदनाम | |
| 7 | संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का दूरभाष एवं मोबाइल नम्बर | |
| 8 | वर्तमान में सुरक्षा एजेंसी के साथ कितने कर्मचारीकाम करते है | |
| 9 | संस्था का मुख्यालय भोपाल में होने एवं भोपाल में रजिस्ट्रेशन संबंधी जानकारी पंजीयन क्रमांक, दिनांक (पंजीयन दस्तावेज की स्वसत्यापित छायाप्रति संलग्न करें | |
| 10 | श्रम विभाग का पंजीयन क्रमांक दिनांक एवं वैधता (पंजीयन दस्तावेज की स्वसत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 11 | प्रायवेट सिक्युरटी एजेंसी (रेग्यूलेशन) एक्ट 2005 का पंजीयन क्रमांक एवं वैधता (पंजीयन दस्तावेज की स्वसत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) अथवा गृह विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र (प्रमाण पत्र की स्वसत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 12 | कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय का पंजीयन क्रमांक (पंजीयन दस्तावेज की स्वसत्यापितछायाप्रति संलग्न करें) अंतिम माह के भुगतान की प्रति भी संलग्न करें। | |
| 13 | कर्मचारी राज्य बीमा निगम का पंजीयन क्रमांक (पंजीयन दस्तावेज की स्वसत्यापितछायाप्रति संलग्न करें) अंतिम माह के भुगतान की प्रति। | |
| 14 | GST का खाता क्रमांक (संबंधित दस्तावेज की स्वसत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) अंतिम माह के भुगतान की प्रति। | |
| 15 | आयकर संख्या (PAN कार्ड नं.) (संबंधित की स्वसत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 16 | विगत 3 वित्तीय वर्ष की आयकर विवरणी (अंकेक्षित लेखाओं) एवं पावती की सत्यापित छाया प्रतियाँ | |
| 17 | विगत तीन वर्षो का अकेक्षित लेखाओं का विवरण (संलग्न प्रारूप में सारांश जिसमें समान कार्य के वार्षिक टर्नओवर की राशि का प्रमाणीकरण चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट द्वारा किया गया हो की स्वप्रमाणित (छायाप्रति) | |
| 18 | निविदा के साथ संलग्न धरोहर राशि के Online receiptका विवरण | |
| 19 | दर पत्रक | |

प्रोप्रायटर निविदाकर्ता फर्म

प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल

## कार्यालय प्राचार्य एवं पदेन सचिव, जनभागीदारी समिति
### शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोलार रोड़ भोपाल म.प्र.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 21 | सुरक्षा कार्यों में संस्था के अनुभव का विवरण (संबंधित दस्तावेज अवधि संलग्न करें) | | अवधि | |
| | संस्था का नाम जहाँ सुरक्षा का कार्य किया | | दिनांक से दिनांक तक | कुल अवधि |
| | | | | |
| | | | | |

दिनांक

**प्रोप्रायटर सुरक्षा एजेंसी**

**हस्ताक्षर ..........................................**
**नाम ..................................................**
**पदमुद्दा ..........................................**

**संलग्नकः—**

1. Onlineजमा राशि की रसीद।
2. संस्था के भोपाल में पंजीयन संबंधी प्रमाण पत्र की छायाप्रति ।
3. संस्था का मुख्यालय/कार्याल भोपाल होने संबंधी प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
4. सुरक्षा कार्य व्यवस्था अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र की छाया प्रतियां।
5. धरोहर राशि रु 25.000/— का Online receipt
6. श्रम विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
7. प्रायवेट सिक्योरिटी एजेन्सी (Regulation Act) 2005 का पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति/गृह विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्रकी छायाप्रति।
8. जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा नवीनतम अनापत्ति प्रमाणपत्र की छायाप्रति ।
9. पैन/टेन कार्ड की छायाप्रति।
10. गत 3 वित्तीय वर्ष की आयकर विवरणी/टेक्स क्लीरेयेंस प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि ।
11. कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय में पंजीयन प्रमाणपत्र की छायाप्रति। अंतिम माह के रिर्टन की कापी।
12. कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ई.एस.आई) में पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
13. जी. एस. टी. में पंजीयन प्रमाणपत्र की छायाप्रति ।
14. अंतिम माह/त्रैमासिक रिटर्न की कापी।
15. हस्ताक्षरित शपथ पत्र (निविदा प्रपत्र —1)
16. समान कार्य के विगत तीन वर्षों के वार्षिक टर्नओवर की राशि का प्रमाणीकरणचार्टर्ड अकाउन्टेन्ट द्वारा किया गया हो की स्वप्रमाणित छायाप्रति (निविदा प्रपत्र—3)
17. अन्य आवश्यक प्रपत्र

**दिनांक ..................**
**स्थान ...................**

**हस्ताक्षर**

प्रोप्रायटर निविदाकर्ता फर्म

प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल

# कार्यालय प्राचार्य एवं पदेन सचिव, जनभागीदारी समिति

**शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोलार रोड़ भोपाल म.प्र.**

**सुरक्षा कार्य के लिए निविदा रू 2023–24**

**अंकेक्षित लेखों का सारांश(CA के लेटर हेड पर)**

**निविदा प्रपत्र –3**

प्रमाणित किया जाता है कि मेसर्स .......................................... पता ................................................................... के विगत तीन वर्षो लेखों एवं आयकर विभाग को प्रस्तुत आयकर विवरणियों की जॉच मेरे द्वारा की गई है। अंकेक्षित लेखों के अनुसार निविदाकार का समान प्रकृति के कार्य अर्थात सुरक्षा व्यवस्था के कार्य का आर्यत (टर्नओवर) इस प्रकार है।

| क्र. | वर्ष | राशि (अंकों में) | राशि (शब्दों में) |
|---|---|---|---|
| | 2020–21 | | |
| | 2021–22 | | |
| | 2022–23 | | |

(शब्दों एवंअंकों में राशि में अंतर होने पर शब्दों की राशि को प्रामाणिक माना जायेगा)

उपर्युक्त आवर्त की गणनाएं मेरे द्वारा स्वयं जाँची गई है जिसे प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपालनिविदा शर्तों के अनुसार वांछित शर्त के रूप में मैं प्रमाणित करता/करती हूँ।

**स्थान** ................................ **चार्टडलेखाकार का नाम** ..............................

**दिनांक** ................................ **फर्म की पदमुद्रा**

प्रोप्रायटर निविदाकर्ता फर्म

प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल

Validate Print Help

15

**Tender Inviting Authority:** < Office of the Principal Govt. Dr. S.P.M. Science & Commerce College Bhopal (M.P.)

**Name of Work:** <Notice Inviiting Tender for Security services 2024-25

**Contract No:**

| Name of the Bidder / | |
|---|---|

**PRICE SCHEDULE**

(DOMESTIC TENDERS - RATES ARE TO GIVEN IN RUPEES (INR) ONLY)

(This BOQ template must not be modified/replaced by the bidder and the same should be uploaded after filling the relevant columns, else the bidder is liable to be rejected for this tender. Bidders are allowed to enter the Bidder Name and Values only ) (GST rates are exclusive )

| NUMB | TEXT # | NUMBER | NUMBER # | NUMBER | NUMBER | NUMBER | NUMBER | NUMBER # | TEXT # |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Item Description<br>Note: Minimum Wages quoted should not be less then collector rates applicable as on tender opening date and time for the region otherwise it will be rejected | Quantity One person | BASIC RATE In Figures To be entered by the Bidder In Rs. P Per Month Per Person | Parivartasheel Mahgai Bhatta (Decleared by Comptent Authorty ) Rs. P Per Month Per Person | EPF Amountt Rs. P Per Month Per Person | ESIC Amount Rs. Per Month Per Person | Per month Service Charges of Agency and Other Charges in Rupees | TOTAL AMOUNT col (14) = sum (8) to (13) in Rs. P | TOTAL AMOUNT In Words |
| 1 | 2 | 4 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 14 | 15 |
| 1 | Notice Inviiting Tender for Security services 2024-25 | | | | | | | | |
| 1.05 | Security staff | 1.00 | | | | | | 0.00 | INR Zero Only |
| Total in Figures | | | | | | | | 0.00 | INR Zero Only |
| Quoted Rate in Words | INR Zero Only | | | | | | | | |

# कार्यालय प्राचार्य एवं पदेन सचिव, जनभागीदारी समिति

**शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कोलार रोड़ भोपाल म.प्र.**

## सुरक्षा कार्य के लिए निविदा रू 2024–25

## तकनीकी निविदा प्रपत्र – 2 के साथ संलग्नित प्रपत्रों की चैक लिस्ट

| क्र. | विवरण | संलग्न है या नही | पृष्ठ कमांक |
|---|---|---|---|
| 1 | हस्ताक्षरित निविदा पत्रक (नियम तथा सामान्य शर्तें) | | |
| 2 | संस्था का मुख्यालय/कार्यालय भोपाल होने के एवं भोपाल में पंजीकृत कार्यालय के पंजीयन प्रमाण पत्रों की छायाप्रति | | |
| 3 | संस्था का पंजीयनसंबंधी प्रमाण पत्र की छायाप्रति | | |
| 4 | निविदाकर्ता संस्था न्यूनतम2 वर्षो का शासकीय संस्था में सुरक्षा व्यवस्था संचालन के अनुभव संबंधी कार्यादेश/प्रमाणपत्र की छायाप्रति | | |
| 5 | प्रायवेट सिक्युरिटी एजेंसीज (रेग्यूलेशन) एक्ट 2005 के अंतर्गत पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति/ इस महाविद्यालय के तहत रजिस्ट्रेशन हेतु संस्था द्वारा प्रस्तुत किये गए आवेदन के अनुक्रम में गृह विभाग द्वारा जारी अनापत्ति पत्र की छायाप्रति। | | |
| 6 | निविदाकर्ता फर्म का सर्विस टैक्स (G-S-T) कमांक एवं सर्विस टैक्स (GST) के वैध पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति। अंतिम माह का टैक्स क्लीरेयेंस | | |
| 7 | निविदाकर्ता फर्म का स्थायी आयकर कमांक तथा पैन/टेन कार्ड की छायाप्रति एवं दिनांक 31.03.2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष का टैक्स क्यीलरेस प्रमाण पत्र /आयकर विवरणी की पावती | | |
| 8 | ई.पी.एफ. का पंजीयन कमांक तथा प्रमाण पत्र की छायाप्रति तथा अंतिम माह की रिटर्न की प्रति। | | |
| 9 | ई.एस.आई. का पंजीयन कमांक तथा प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं अंतिम माह की रिटर्न की प्रति। | | |
| 10 | श्रम विभाग का पंजीयन कमांक, दिनांक तथा लेबर लाईसेन्स प्रमाण पत्र की छायाप्रति। | | |
| 11 | धरोहर राशि रू. 50,000/– की Online receipt | | |
| 12 | हस्ताक्षरित शपथ पत्र प्रपत्र 1 | | |
| 13 | तकनीकी निविदा प्रपत्र–2 | | |
| 14 | निविदाकर्ता संस्था का विगत तीन वर्षो का अंकेक्षित लेखाओं का संलग्न प्रारूप में सारांश जिसमें समान कार्य के वार्षिक टर्नओवर की राशि का प्रमाणीकरण चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट द्वारा किया गया हो (अंकेक्षित लेखे का सारांश प्रपत्र –3) | | |
| 15 | वित्तीय विड अलग से Online receipt only | | |
| 16 | अन्य आवश्यक पंजीयन/लायलेस की वैद्य छायाप्रति | | |

प्रोप्रायटर निविदाकर्ता फर्म

प्राचार्य शास. डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी
विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल